University in News on 04 December 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

आदीश्री और अंश को मिला संस्कृति सुरभि का खिताब

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में दीक्षांत सप्ताह के तहत चल रहे संस्कृति सुरभि में मिस संस्कृति सुरभि का खिताब सिटी लॉ कॉलेज की आदीश्री मिश्रा और मिस्टर संस्कृति सुरभि का खिताब आईएमएस लखनऊ विश्वविद्यालय के अंश शर्मा ने जीता। इसी के साथ ही पांच दिवसीय खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उत्सव संस्कृति सुरभि का समापन हो गया।

लविवि में दीक्षांत सप्ताह संपन्न

कार्यक्रम में जोड़ी नंबर वन के विजेता शिया कॉलेज की समृद्धि श्रीवास्तव व विशाल ठाकुर रहे। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा ने बताया कि 70 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं में लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी व रायबरेली के 52 महाविद्यालयों व कॉलेजों के 4700 बच्चों ने प्रतिभाग किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान व विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय उपस्थित रहे। संस्कृति सुरभि के तेरहवें संस्करण में द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. डीबी सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, अपर कुलनुशासक प्रो. मोहम्मद अहमद खान और कमेटी के डायरेक्टर प्रो. सतीश पांडेय का अहम योगदान रहा।


विजेताओं का किया गया सम्मान। संवाद

कार्यपरिषद में छात्रों के पदक और शिक्षकों के प्रमोशन पर लगी मुहर

लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई कार्यपरिषद की बैठक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छह दिसंबर को होने वाले दीक्षांत समारोह के पदक और मानद उपाधि पर रविवार को हुई कार्यपरिषद की बैठक में मुहर लग गई। कार्यपरिषद ने शिक्षकों के प्रमोशन पर भी मुहर लगा दी।

कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में लविवि दीक्षांत समारोह में दिए जाने पदकों की सूचना दी गई। साथ ही समारोह में डॉ. संदीप गोयल को दी जाने वाली मानद उपाधि पर भी कार्य परिषद ने मंजूरी दे दी। प्रति कुलपति के रूप में प्रो. अरविंद अवस्थी की नियुक्ति का पत्र भी सदस्यों के सामने रखा गया। बैठक में निलंबित लिपिक का प्रत्यावेदन कार्य परिषद के सामने रखा गया। होम्योपैथिक चिकित्सक की पुर्ननियुक्ति, भवन समिति के प्रस्ताव पर भी बैठक में मुहर लगाई गई। लविवि शिक्षक संघ के महामंत्री अनित्य गौरव के एसोसिएट प्रोफेसर पद और भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के प्रोफेसर पद पर हुए प्रमोशन का लिफाफा भी कार्य परिषद में खोला गया।

लंबे समय बाद पत्रकारिता विभाग को मिला दूसरा शिक्षक

लविवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को लंबे समय बाद अब दूसरा शिक्षक मिल गया है। विभाग में लंबे समय से प्रो. मुकुल श्रीवास्तव ही एकमात्र शिक्षक थे। अब विभाग में डॉ. सौरभ मालवीय की नियुक्ति एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में हुई है।

डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि देगा लविवि

लखनऊ। लविवि के 66वें दीक्षांत समारोह में स्वतंत्र विज्ञापन एजेंसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह उपाधि उनको विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दी जा रही है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ. गोयल को कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में पुरस्कार मिल चुका है। विज्ञापन और विपणन पर नौ पुस्तकों के लेखक डॉ. गोयल के लेख नियमित रूप से विभिन्न प्रतिष्ठित पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं। उन्होंने भारतीय सरकारी सेवा के तहत सीएसआर प्राधिकरण के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में कार्य किया है, साथ ही प्रधान सचिव का पद भी संभाला है। वर्ष 2002 में वे ग्लोबल एमी अवाड्र्स की जूरी में पहले भारतीय के रूप में शामिल थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

डॉ. संदीप गोयल

लविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 12 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह की तैयारियों के बीच रविवार को विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया। परीक्षा की शुरुआत 12 दिसंबर से होनी है। परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के अनुसार, बीएससी होमसाइंस पहले सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 26 दिसंबर के बीच, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 से 23 दिसंबर के बीच और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 23 दिसंबर के बीच होगी। बीएससी पहले सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 9 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की 12 दिसंबर से 2 जनवरी और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 9 जनवरी के बीच होनी है। बीकॉम पहले सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 26 दिसंबर, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसंबर से 27 दिसंबर और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 19 दिसंबर से 2 जनवरी के बीच होनी है। इसी तरह बीए पहले सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 10 जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 10 जनवरी और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसंबर से 19 जनवरी के बीच होनी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू ने जारी किया विषम सेमेस्टर का फाइनल परीक्षा कार्यक्रम

बीए, बीएससी और बीकॉम विषम सेमेस्टर परीक्षा 12 से

एलयू

- परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड
- पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 23 दिसम्बर तक

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार को बीए, बीएससी, बीकॉम और बीएचएससी विषम सेमेस्टर का फाइनल परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 दिसम्बर से शुरू हो रही है। तीन दिसम्बर तक परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि थी। परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

बीएससी और बीए प्रथम सेमेस्टर (एंथ्रोपॉलीजी, स्टेटिस्टिक्स, गणित) एनईपी की परीक्षा 12 दिसम्बर से दो जनवरी तक सुबह 9 से 12 बजे तक होंगी। बीएससी और बीए तृतीय सेमेस्टर (एंथ्रोपॉलीजी, स्टेटिस्टिक्स, गणित) की परीक्षा 12 से दो जनवरी तक दो से पांच बजे तक होंगी। बीएससी व बीए पांचवें सेमेस्टर (एंथ्रोपॉलीजी, स्टेटिस्टिक्स, गणित) की परीक्षा 12 दिसम्बर से नौ जनवरी तक सुबह नौ से 12 बजे की पाली में होगी। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एनईपी की परीक्षा 13 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक सुबह की पाली, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसम्बर से 27 दिसम्बर तक दोपहर की पाली, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 19 दिसम्बर से दो जनवरी तक सुबह की पाली में होगी। बीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा ((एंथ्रोपॉलीजी, स्टेटिस्टिक्स, गणित को छोड़कर) 12 दिसम्बर से 10 जनवरी तक सुबह की पाली, तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक दोपहर की पाली, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसम्बर से 19 जनवरी तक सुबह की पाली में होगी। बीएससी होम साइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसम्बर से शुरू होकर 26 दिसम्बर तक होगी। वहीं, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा 13 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक, पांचवें सेमेस्टर की परीक्षा 12 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक होगी।

एलयू के तीन शिक्षकों को पदोन्नति मिली

लखनऊ। एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई। इसमें तीन शिक्षकों को पदोन्नति और दो विभागों को दो नए शिक्षक मिले। मानव शास्त्र विभाग में डॉ. केया पाण्डेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर और डॉ. अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज तीन से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज चार पर पदोन्नति प्रदान की गई। प्राचीन भारतीय इतिहास एवम पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति और पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति प्रदान की गई।

डॉ. संदीप को दी जाएगी मानद उपाधि

दीक्षांत समारोह

लखनऊ,कार्यालय संवाददाता। एलयू के दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि दी जाएगी। छह दिसम्बर को होने वाले 66 वें दीक्षांत समारोह में विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूजन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉ. गोयल की असाधारण उपलब्धियों और विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा।

डॉ. संदीप गोयल की शैक्षणिक प्रतिभा का उदाहरण अंग्रेजी साहित्य में उनके स्वर्ण पदक और एफएमएस दिल्ली के पूर्व छात्र के रूप में उनकी स्थिति है। जहां उन्होंने एमबीए और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें आगे हार्वर्ड बिजनेस स्कूल तक ले गई। जहां उन्होंने प्रतिष्ठित ओवनर-प्रेसिडेंट प्रबंधन कार्यक्रम में भाग लिया। विज्ञापन और विपणन पर नौ पुस्तकों के लेखक, डॉ. गोयल इस क्षेत्र में एक लीडर की पहचान रखते हैं। उन्होंने 2018 से 2021 तक स्नैपचैट इंक इंडिया में अध्यक्ष का पद संभाला।

i-NEXT PAGE 4

एलयू में पदोन्नति पर लग गई मुहर

LUCKNOW (3 Dec): लखनऊ यूनिवर्सिटी में रविवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई. इस बैठक में कई अहम फैसलों को हरी झंडी प्रदान की गई. बैठक में मानव शास्त्र विभाग में डॉ. केया पांडेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर और डॉक्टर अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज फोर पर पदोन्नति प्रदान की गई.

आदीश्री मिस, अंश शर्मा बने मिस्टर

LUCKNOW (3 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में पांच दिनों से चल रहे खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उत्सव संस्कृति सुरभि का समापन हो गया. इसमें मिस संस्कृति सुरभि का खिताब सिटी ला कालेज की आदीश्री मिश्रा एवं मिस्टर संस्कृति सुरभि का खिताब ईंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंसेज (आइएमएस) लखनऊ विश्वविद्यालय के अंश शर्मा ने जीता. वहीं, जोड़ी नंबर वन के विजेता शिया पीजी कालेज के विद्यार्थी समृद्धि श्रीवास्तव एवं विशाल ठाकुर रहे.

PIONEER PAGE 3

कार्यपरिषद की बैठक में शिक्षकों को मिली प्रोन्नति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में रविवार को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक में कई शिक्षकों को प्रोन्नति दी गयी। बैठक में मानव शास्त्र विभाग में डॉक्टर केया पाण्डेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉक्टर दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर और डॉक्टर अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 पर पदोन्नति प्रदान की गई। इसी के साथ प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति और पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह में डॉ. संदीप गोयल मानद उपाधि से होंगे सम्मानित

● आईसीएमआर के पूर्व डीजी डॉ. बलराम भार्गव होंगे मुख्य अतिथि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 6 दिसंबर को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह के दौरान विवि की तरफ से भारत की सबसे बड़ी स्वतंत्र विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूज़न के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉ. गोयल की असाधारण उपलब्धियों और विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा। विज्ञापन के लिए कई वैश्विक पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता, जिसमें कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में मान्यता भी शामिल है। डॉ. संदीप गोयल विज्ञापन और मीडिया के गतिशील परिदृश्य में एक अग्रणी और प्रभावशाली व्यक्ति बने हुए हैं। दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आईसीएमआर के डीजी व पद्मश्री प्रो बलराम भार्गव मुख्य अतिथि होंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय व अति विशिष्ट अतिथि व रजनी तिवारी, राज्यमंत्री उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि होंगी। जबकि समारोह की अध्यक्षता कुलाधिपति, राज्य विश्वविद्यालय आनंदीबेन पटेल करेंगी।

समारोह को लेकर विवि के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह के स्तर से कहा गया है कि कुलपति, कार्य परिषद के सम्मानित सदस्य व विद्यापरिषद के सम्मानित सदस्य एवं सभी संकायों के सम्मानित संकायाध्यक्ष शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा परिधान उपलब्ध कराया जायेगा। शैक्षणिक शोभा यात्रा के लिए परिधान चार दिसंबर या 5 दिसंबर 2023 को पूर्वान्ह 10 बजे से विश्वविद्यालय के कला संकाय, कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या 6 से प्राप्त किया जा सकता है। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्ष में ही वापस कराया जायेगा।

मिस संस्कृति सुरभि बनीं आदिश्री मिश्रा अंश शर्मा बने मिस्टर संस्कृति सुरभि

● लविवि में संस्कृति सुरभि कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में पांच दिनों से चल रहे खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विराट उत्सव संस्कृति सुरभि का समापन हो गया। संस्कृति सुरभि एक मल्टी यूनिवर्सिटी कम्पटीशन फेस्ट है, जिसका आयोजन विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के द्वारा किया जाता है। संस्कृति सुरभि के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि लखनऊ के एमएलसी पवन सिंह चौहान एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय उपस्थित रहे एवं विजेताओ को अपने कर-कमलों से पुरस्कृत करके उन्हे सम्मानित किया। संस्कृति सुरभि के इस संस्करण की मिस संस्कृति सुरभि का खिताब सिटी ला कालेज की आदिश्री मिश्रा एवं मिस्टर संस्कृति सुरभि का खिताब आईएमएस लखनऊ विश्वविद्यालय के अंश शर्मा ने जीता।

वही जोड़ी नम्बर वन के विजेता समृद्धि श्रीवास्तव एवं विशाल ठाकुर रहे, जो कि शिया पीजी कालेज के छात्र हैं। कमेटी के अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने बताया कि यह खेलों एव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विराट उत्सव था। इस महाकुंभ में 70 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश के एव लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चारों जिले लखनऊ, सीतापुर, हरदोई एव रायबरेली से लभभग 52 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एव कालेजो के सैंतालीस सौ बच्चो ने प्रतिभाग लिया। जिसमे से ग्यारह सौ सैंतालिस मेडल वितरित किये गए एवं 500 से अधिक मोमेंटो एव ट्राफियां देकर विजेताओ को सम्मानित किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कार्यक्रम के समापन दिवस के अवसर पर लगभग 17 हजार से अधिक दर्शक विश्वविद्यालय के क्रीडास्थल में मौजूद थे, जो अपने आप मे ही संस्कृति सुरभि के सफल होने का गौरव-गान करते हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 12 दिसंबर से शुरू होने वाली स्नातक विषम सेमेस्टर परीक्षाओं की फाइनल समय सारिणी रविवार को जारी कर दी, लेकिन प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम में आई आपत्तियों के बाद विश्वविद्यालय ने इसमें कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा तिथि बदल दी है। वहीं, बीए, बी.काम और बी.एससी पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं अब नौ की जगह 12 दिसंबर से संचालित होंगी। छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर इसे देख सकते हैं।

ये हुआ प्रमुख बदलाव : बीए प्रथम सेमेस्टर : पहले 30 दिसंबर को एजुकेशन/साइकोलाजी (मेजर/माइनर)-1 था। अब यह परीक्षा तीन जनवरी को होगी। को-करिकुलर का पेपर सुबह नौ से 10.30 बजे तक होगा।

बीए तृतीय सेमेस्टर : छह जनवरी को को-करिकुलर की परीक्षा दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी।

बीए और बीएससी प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) के विषयों की तिथि बदली, बीए, बी.काम व बी.एससी पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से

बीए पांचवां सेमेस्टर : पहले नौ दिसंबर से 17 जनवरी तक होनी थी। अब 12 दिसंबर से 19 जनवरी तक होंगी। 12 दिसंबर को प्रस्तावित फिलासफी प्रथम की परीक्षा अब 19 दिसंबर को होगी।

बीकाम प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) : को-करिकुलर की परीक्षा सुबह नौ से 10.30 बजे तक होंगी।

बीकाम तृतीय सेमेस्टर (एनईपी) : को-करिकुलर की परीक्षाएं दो से 3.30 बजे तक होंगी।

बीकाम पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) रेगुलर : 12 से 23 दिसंबर की जगह अब 19 दिसंबर से दो जनवरी तक होंगी।

बी.एससी प्रथम सेमेस्टर, बीए प्रथम सेमेस्टर (एंथ्रोपोलाजी, सांख्यिकी एंड मैथ्स) एनईपी : 26 दिसंबर को को-करिकुलर की परीक्षाएं सुबह नौ से 10.30 बजे तक होगी। केमिस्ट्री (मेजर, माइनर), सांख्यिकी न्यू और ओल्ड प्रथम पेपर की परीक्षा अब 30 दिसंबर को होगी। केमिस्ट्री (ओल्ड), सांख्यिकी (मेजर, माइनर)-2 पेपर की परीक्षा दो जनवरी को होगी।

बी.एससी तृतीय सेमेस्टर (एंथ्रोपोलाजी, सांख्यिकी एंड मैथ्स) एनईपी : 23 दिसंबर को दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी।

बी.एससी पांचवां सेमेस्टर (एंथ्रोपोलाजी, सांख्यिकी एंड मैथ्स) एनईपी : नौ दिसंबर से छह जनवरी तक थी। अब की जगह अब 12 दिसंबर से नौ जनवरी तक होंगी। इसका समय सुबह नौ से 12 बजे तक रहेगा।

बी.एससी होम साइंस की परीक्षाएं : यह परीक्षाएं 12 से 26 दिसंबर, तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 दिसंबर और पांचवें सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 12 से 23 दिसंबर तक होंगी।

पांच शिक्षकों को प्रोन्नति



लखनऊ विश्वविद्यालय में रविवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक हुई। इसमें मानव शास्त्र विभाग की डा. केया पांडेय और प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डा. दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति दी गई। वहीं, डा. अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज तीन से स्टेज चार पर एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में प्रोन्नति मिली। इसी के साथ प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति और पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर एक शिक्षक की नियुक्ति को अनुमोदन मिल गया।

डा. संदीप गोयल को मिलेगी मानद उपाधि

• लखनऊ विश्वविद्यालय ने छह दिसंबर को होने वाले 66वें दीक्षा समारोह के लिए की घोषणा

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय छह दिसंबर को होने वाले 66वें दीक्षा समारोह में विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूजन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डा. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित करेगा। यह सम्मान डा. गोयल की असाधारण उपलब्धियों और विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा। विज्ञापन के लिए कई वैश्विक पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता डा. संदीप गोयल विज्ञापन और मीडिया के गतिशील परिदृश्य में एक अग्रणी और प्रभावशाली व्यक्ति बने हुए हैं।

डा. संदीप गोयल

प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि दीक्षा समारोह में डा. संदीप गोयल को मानद उपाधि दिया जाना उनके असाधारण नेतृत्व और उद्योग में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। डा. गोयल की शैक्षणिक प्रतिभा का उदाहरण अंग्रेजी साहित्य में उनके स्वर्ण पदक और एफएमएस दिल्ली के पूर्व छात्र के रूप में उनकी स्थिति है, जहां उन्होंने एमबीए और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के ओवनर-प्रेसिडेंट प्रबंधन कार्यक्रम में भी भाग लिया। डा. गोयल ने विज्ञापन और विपणन पर नौ पुस्तकें लिखी हैं। वर्ष 2018 से 2021 तक स्नैपचैट इंक इंडिया में अध्यक्ष का पद भी संभाला। वर्ष 2002 में ग्लोबल एमी अवाड्र्स की जूरी में पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचा।

आज होगा समारोह का पूर्वाभ्यास : लवि में दीक्षा समारोह का पूर्वाभ्यास सोमवार को दोपहर 12 बजे से होगा। इसमें कोर्ट सभा, कार्य परिषद, विद्या परिषद के सदस्यों के साथ-साथ सभी संकाय एवं विभागाध्यक्षों को शामिल होने के लिए कहा गया है।

दो दिन बायोमीट्रिक उपस्थिति से छूट : लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह के लिए शिक्षकों को चार और छह दिसंबर को बायोमीट्रिक उपस्थिति की छूट रहेगी। सोमवार को पूर्वाभ्यास के दौरान कक्षाएं स्थगित करने का निर्णय संकायाध्यक्ष व विभागाध्यक्ष अपने स्तर से ले सकेंगे। वहीं, छह दिसंबर को समारोह के दिन सभी कक्षाएं स्थगित रहेंगी। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने रविवार को इस संबंध में पत्र जारी किया है।

कर्मचारियों को किया सम्मानित : लवि प्राणी विज्ञान विभाग ने दीक्षा समारोह के अंतर्गत दो कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता रानी ने बताया कि साकिब ऐजाज और राम चंद्र को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए सेमेस्टर के कर्मचारी पुरस्कार दिया गया। पांच दिसंबर को कविता पाठ कार्यक्रम "जश्न-ए-अदब" के साथ होगा।

कर्तव्यावकाश के लिए वीसी से लेनी होगी अनुमति

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षकों को अब कर्तव्यावकाश के लिए कुलपति की अनुमति लेनी अनिवार्य होगी। आवेदन पत्र के साथ अनुमति पत्र लगाना अनिवार्य होगा, तभी उसकी स्वीकृति पर विचार किया जाएगा। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सभी विभागों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी पत्र के अनुसार अक्सर देखा जा रहा है कि विश्वविद्यालय के शिक्षक कर्तव्यावकाश की मांग कुलपति से बिना पूर्व अनुमति के ही आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देते हैं। यह नियमानुकूल नहीं है। परिनियमावली में दी गई व्यवस्था के अनुसार किसी अन्य संस्था में कार्य से जाने के पहले कुलपति की अनुमति अनिवार्य है। विश्वविद्यालय ने कर्तव्यावकाश के साथ-साथ अर्जित एवं विशेष अवकाश के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप भी जारी किया है। उसी के अनुसार आवेदन करना होगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

आदीश्री और अंश को मिला संस्कृति सुरभि अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● लविवि में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ समापन

अमृत विचार : लविवि में खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के विराट उत्सव में आदीश्री और अंश को संस्कृति सुरभि अवार्ड से सम्मानित किया। इस दौरान अतिथियों ने संबंधित छात्रों की दक्षता का परिचय भी दिया।

लखनऊ विवि के नवीन परिसर में पांच दिनों से चल रहे खेलों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विराट उत्सव संस्कृति सुरभि के समापन का आयोजन हुआ।इस अवसर पर संस्कृति सुरभि के इस संस्करण की मिस संस्कृति सुरभि अवार्ड सिटी ला कालेज की आदीश्री मिश्रा एवं मिस्टर संस्कृति सुरभि अवार्ड आईएमएस लखनऊ विवि के अंश शर्मा ने जीता। वही जोड़ी नम्बर वन के विजेता समृद्धि श्रीवास्तव एवं विशाल ठाकुर रहे। ये शिया पीजी कालेज के छात्र हैं। कमेटी के अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने बताया कि यह खेलों एव सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विराट उत्सव था। इसमें 70 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश के एवं लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध जिले लखनऊ,सीतापुर, बाराबंकी एवं रायबरेली से लभभग 52 विवि, महाविद्यालयों एव कॉलेजों के सैंतालीस सौ बच्चों ने प्रतिभाग लिया था। जिसमे से ग्यारह सौ सैंतालिस मेडल वितरित किये गए। साथ ही 500 से अधिक मोमेंटो एव ट्राफियां देकर विजेताओं को सम्मानित किया गया है। समापन अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अमन वर्मा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

मिस्टर सुरभि का खिताब देते अतिथि। अमृत विचार

लविवि में फिल्माये जा सकते हैं कुछ दृश्य

कुलपति से मिले फिल्मकार प्रियदर्शन

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ के किसी न किसी इलाके में अक्सर शूटिंग होती रहती है लेकिन अब जल्दी ही लखनऊ विश्वविद्यालय के कुछ हिस्सों में निर्देशक प्रियदर्शन शूटिंग कर सकते है। अपनी आगामी अनाम फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियदर्शन रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय पंहुचे। यहां उन्होंने टैगोर लाइब्रेरी के सामने की जगह, मालवीय हाल, फाइन आर्ट विभाग को देखा। लोकेशन देखने के साथ ही प्रियदर्शन ने कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय से भी मुलाकात की।

फ़िल्म हंगामा, हेराफेरी, विरासत, भागमभाग, विरासत, गरम मसाला, ये तेरा घर ये मेरा घर, भूलभुलैया जैसी तमाम सुपरहिट फिल्में दी है। प्रियदर्शन की फिल्मों का कैनवस काफी बड़ा होता है इसलिए अगर शूटिंग की लोकेशन फाइनल हो जाती है तो लखनऊ में भी प्रियदर्शन की फिल्म की शूटिंग हो सकती है। प्रियदर्शन के सामने इस समय दो फिल्मे है। एक अनाम फिल्म जिसमें अक्षय कुमार का होना तय है और दूसरी फिल्म पांच उम्र दराज कलाकारों को लेकर बनायी जानी है। माना जा रहा है कि इन्ही दोनो में से किसी एक फिल्म की शूटिंग की योजना बनायी है।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि की कार्य परिषद में खुली कइयों की लॉटरी

■ डॉ. केया पांडेय, लूटा महामंत्री अनित्य गौरव व दुर्गेश श्रीवास्तव के जागे भाग्य

लखनऊ (एसएनबी)। प्रोफेसर बनने के लिए पिछले कई वर्षों से न्यायालय से लेकर राजभवन तक के चक्कर लगा चुकीं एंथ्रोपोलॉजी डिपार्टमेन्ट की शिक्षिका डॉक्टर केया पांडेय को आखिरकार रविवार को प्रोफेसरशिप मिल गई। उनके साथ ही लूटा के महामंत्री अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 3 पर और आईपीपीआर के निदेशक दुर्गेश श्रीवास्तव को भी प्रोफेसर पद पर प्रमोशन मिला है।

लखनऊ विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में रविवार को हुई कार्य परिषद की बहुप्रतीक्षित बैठक में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एंथ्रोपोलॉजी डिपार्टमेंट की डॉक्टर केया पांडेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉक्टर दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर और डॉक्टर अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 पर पदोन्नति दी गयी। डॉक्टर केया पांडे का मामला पिछले दिनों काफी चर्चा में आ गया था, जब उनका मामला न्यायालय में था और उसके बाद राजभवन से होते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन में पहुंचा, तमाम झंझावटों को दूर करते हुए अंततः उन्होंने प्रोफेसरशिप झटक ली। लूटा के महामंत्री अनित्य गौरव को भी शिक्षक संघ का चुनाव जीतने का इनाम मिला और वह भी असिस्टेंट प्रोफेसर के स्टेज 3 पर प्रमोट हो गए। इसी के साथ प्राचीन भारतीय इतिहास एवम पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति और पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति दे दी गई। इसके अलावा नगर निगम के एक एसोसिएट प्रोफेसर को भी वेटिंग में होने का लाभ मिलेगा और उन्हें भी विश्वविद्यालय में नियुक्ति मिल जाएगी। आईपीपीआर निदेशक प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि नियुक्ति से जुड़े शिक्षकों के भी लिफाफे खूल गए है।

कई विभागों में स्थगित हो सकती हैं कक्षाएं

दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास आज

लखनऊ (एसएनबी)। 6 दिसम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय में अपराह्न 11 से कला संकाय परिसर में होने वाले 66वें दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास सोमवार को दोपहर 12 होगा, साथ ही शिक्षकों की शोभायात्रा का भी पूर्वाभ्यास किया जाएगा। इस अवसर पर पद्मश्री प्रो. बलराम भार्गव, पूर्व डीजी, आईसीएमआर, चीफ, कार्डियोथोरेसिक सर्जरी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली मुख्य अतिथि होंगे तथा योगेन्द्र उपाध्याय, कैबिनेट मंत्री, अति विशिष्ट अतिथि व रजनी तिवारी, राज्यमंत्री, उच्च शिक्षा, विशिष्ट अतिथि होंगे एवं राज्यपाल/ कुलाधिपति के रूप में कोई न कोई खड़ा होगा।

इस दौरान मेडल वितरण का भी पूर्व अभ्यास किया जाएगा, कुलपति, कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यगण व विद्यापरिषद् के समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं सभी संकायों के सम्मानित संकायाध्यक्ष शैक्षणिक शोभायात्रा के सहभागी होंगे। प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र उपलब्ध कराया जायेगा। शैक्षणिक शोभायात्रा के लिए परिधान को 4 या 5 दिसंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से विश्वविद्यालय के कला संकाय, कुलानुशासक कार्यालय के कक्ष संख्या 5 से शिक्षक पा सकते है। शैक्षणिक परिधान को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात वापस भी करना होगा। दीक्षान्त समारोह के अवसर पर 6 को विश्वविद्यालय में सभी कक्षाएं स्थगित रहेंगी।

(AMRIT VICHAR)

लविवि | **ग्लोबल एमी अवाड्र्स की जूरी में पहले भारतीय के रूप में इतिहास रच चुके हैं डॉ. संदीप गोयल**

दीक्षांत समारोह में डॉ. संदीप को मिलेगी मानद उपाधि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 6 दिसंबर को लखनऊ विवि के 66 वें दीक्षांत समारोह में डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

यह सम्मान डॉ. गोयल की उपलब्धियों और विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जा रहा है। विज्ञापन के लिए कई वैश्विक पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता, जिसमें कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में मान्यता भी शामिल है, डॉ. संदीप गोयल विज्ञापन और मीडिया के गतिशील परिदृश्य में एक अग्रणी और प्रभावशाली व्यक्ति बने हुए हैं।

अंग्रेजी साहित्य में मिल चुका है स्वर्ण

डॉ. गोयल को अंग्रेजी साहित्य में उनके स्वर्ण पदक मिल चुका है। इससे पूर्व वे एफएमएस दिल्ली के पूर्व छात्र रहे हैं, जहां उन्होंने एमबीए और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। आगे की पढ़ाई हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में पूरी की, जहां इन्होंने प्रतिष्ठित ओवनर-प्रेसिडेंट प्रबंधन कार्यक्रम में भी भाग लिया।

वैश्विक काल में कई संगठनों में सक्रियः वैश्विक काल में नेशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एण्ड साइंसेज (एनएटीएएस), न्यूयॉर्क और एमआईपी टीवी (यूएस) जैसे संगठनों में सक्रिय भागीदारी दी। वर्ष 2002 में, डॉ. गोयल ग्लोबल एमी अवाड्र्स की जूरी में पहले भारतीय के रूप में इतिहास रच चुके हैं।


डॉ. संदीप गोयल

ड्रेस कोड अनिवार्यः दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ड्रेस कोड को अनिवार्य कर दिया गया है। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए अलग-अलग ड्रेस कोड हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से कहा गया है कि छात्र कुर्ता-पजामा दीक्षांत समारोह में पहनेंगे।

समारोह में शामिल होंगे पदमश्री बलराम भार्गव

अमृत विचार : लविवि के 66 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां विवि प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई हैं। ऐसे में मुख्य अतिथि के रूप में एम्स के चीफ कार्डियोथोरिक और पदमश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर बलराम भार्गव शामिल होंगे। उप्र सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी सम्मिलित होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। शैक्षणिक शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें निश्चित परिधानों में प्रवक्ता, विभागाध्यक्ष और विवि कर्मी शामिल होंगे।

साकिब और श्रीराम कमर्चारी पुरस्कार से सम्मानित

लखनऊ : लखनऊ विवि के प्राणि विज्ञान विभाग ने रविवार को प्री कन्वोकेशन सप्ताह मनाते हुए कई कार्यक्रम आयोजित किए। साकिब ऐजाज और श्री राम चंद्र को उनकी असाधारण सेवाओं के लिए सेमेस्टर के कर्मचारी पुरस्कार से सम्मानित किए गए। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संगीता रानी के साथ प्रोफेसर एमेरिटस प्रोफेसर निरुपमा अग्रवाल और प्रोफेसर ओंकार ने कार्यक्रम में शामिल लविवि कर्मियों को प्रोत्साहित भी किया।

डॉ. दुर्गेश सहित तीन को पदोन्नति

लखनऊ : लविवि में तीन की पदोन्नति हुई है। इसमें मानव शास्त्र विभाग में डॉ. केया पाण्डेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर पदोन्नत किया गया है। वहीं प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नत हुए हैं। डॉ. अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज तीन से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज चार पर पदोन्नति प्रदान की गई।

काव्य पाठ और जश्न ए अदब कल

लखनऊ : लविवि में मंगलवार को काव्य पाठ कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसी दिन जश्न ए अदब भी आयोजित किया जाएगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उर्दू, हिंदी या अंग्रेजी में लिखने वाले कविता उत्साही स्वयं या दूसरों की रचनाओं को सुनाने, गाने और कविता करने के लिए इकट्ठा होंगे।

NBT PAGE 3

LU के दीक्षांत समारोह में डॉ. संदीप को मिलेगी मानद उपाधि

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊः एलयू के दीक्षांत समारोह में विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूजन के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से नवाजा जाएगा। 6 दिसंबर को होने वाले 66वां दीक्षांत समारोह को लेकर वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि विज्ञापन और मीडिया उद्योग में योगदान के लिए डॉ. संदीप को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। विज्ञापन के लिए कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में मान्यता समेत कई वैश्विक पुरस्कारें मिल चुके हैं।

विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूजन के सीएमडी हैं डॉ. संदीप



एफएमएस, दिल्ली से एमबीए और पीएचडी करने वाले डॉ. गोयल हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में ओवनर-प्रेसिडेंट प्रबंधन कार्यक्रम में भी शिरकत कर चुके हैं। 2018 से 2021 तक स्नैपचैट इंक इंडिया में अध्यक्ष रह चुके डॉ. गोयल पंजाब सीएसआर प्राधिकरण के अध्यक्ष और सीईओ का पद भी संभाल चुके हैं। नैशनल एकेडमी ऑफ टेलीविजन आर्ट्स एंड साइंसेज (एनएटीएएस), न्यूयॉर्क और एमआईपी टीवी (यूएस) जैसे संगठनों में उनकी सक्रिय भागीदारी है।

LOKSATYA PAGE 3

एलयू के संस्कृति सुरभि समारोह के समापन पर छात्र सम्मानित

लखनऊ, लोकसत्य

कार्यक्रम

● लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में खेल-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन

लखनऊ विश्वविद्यालय के नये परिसर में चल रहे संस्कृति सुरभि उत्सव का भव्य समापन हुआ। उत्सव लखनऊ विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी की ओर से हुआ।

संस्कृति सुरभि के 13वें संस्करण का आयोजन नये परिसर के निदेशक प्रो बीडी सिंह, स्पोर्ट्स इंचार्ज डॉ अनुराग श्रीवास्तव, अपर कुलानुशासक प्रो मोहम्मद अहमद खान के सहयोग से कमेटी के डायरेक्टर प्रो सतीश पांडेय के नेतृत्व में हुआ। मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान व कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। संस्कृति सुरभि के इस संस्करण की मिस संस्कृति सुरभि का खिताब सिटी लॉ कालेज की आदिश्री मिश्रा व मिस्टर संस्कृति सुरभि का खिताब आईएमएस लखनऊ विश्वविद्यालय के अंश शर्मा ने जीता। जोड़ी नंबर वन के विजेता शिया पीजी कालेज के समृद्धि श्रीवास्तव व विशाल ठाकुर रहे। कमेटी के अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों के इस महाकुंभ में 70 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं में प्रदेश व लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध चारों जिले लखनऊ,सीतापुर, बाराबंकी व रायबरेली से लभभग 52 विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों व कालेज के सैंतालीस सौ बच्चो ने भाग लिया। ग्यारह सौ सैंतालिस मेडल, 500 से अधिक मोमेंटो व ट्राफियां देकर विजेताओं को सम्मान हुआ। समापन के मौके पर बडी संख्या में दर्शक विश्वविद्यालय के क्रीड़ास्थल में मौजूद थे।

एलयू दीक्षांत समारोह में डॉ. संदीप गोयल मानद उपाधि से होंगे विभूषित

लखनऊ, लोकसत्य। छह दिसंबर को होने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह में स्वतंत्र विज्ञापन एजेंसी 'रेडिफ्यूज़न' के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉ. गोयल की असाधारण उपलब्धियों और विज्ञापन व मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा। विज्ञापन के लिए कई वैश्विक पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता, जिसमें कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में मान्यता भी शामिल है, डॉ. संदीप गोयल विज्ञापन और मीडिया के गतिशील परिदृश्य में एक अग्रणी और प्रभावशाली व्यक्ति बने हुए हैं। डॉ. गोयल की शैक्षणिक प्रतिभा का उदाहरण अंग्रेजी साहित्य में उनके स्वर्ण पदक और एफएमएस दिल्ली के पूर्व छात्र के रूप में उनकी स्थिति है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

कुलपति की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक संपन्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में कार्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में मानव शास्त्र विभाग में डॉ.केया पाण्डेय को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर और डॉ. अनित्य गौरव को असिस्टेंट प्रोफेसर स्टेज 3 से एसोसिएट प्रोफेसर स्टेज 4 पर पदोन्नति प्रदान की गई। इसी के साथ प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग में प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति और पत्रकारिता विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर पद पर एक नियुक्ति प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह में डॉ.संदीप मानद उपाधि से होंगे सम्मानित

स्वतंत्र भारत संवाददाता,लखनऊ। राजधानी में 6 दिसंबर को होने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह में भारत की सबसे बड़ी स्वतंत्र विज्ञापन एजेंसी रेडिफ्यूज़न के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप गोयल को मानद उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉ.गोयल की असाधारण उपलब्धियों और विज्ञापन एवं मीडिया उद्योग में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया जाएगा। विज्ञापन के लिए कई वैश्विक पुरस्कारों के प्राप्तकर्ता, जिसमें कान्स एडवरटाइजिंग फेस्टिवल में मान्यता भी शामिल है। डॉ.संदीप गोयल विज्ञापन और मीडिया के गतिशील परिदृश्य में एक अग्रणी और प्रभावशाली व्यक्ति बने हुए हैं। लविवि के 66वें दीक्षांत समारोह में मानद उपाधि उनके असाधारण नेतृत्व और उद्योग में उत्कृष्ट योगदान का प्रमाण है। डॉ. गोयल की शैक्षणिक प्रतिभा का उदाहरण अंग्रेजी साहित्य में उनके स्वर्ण पदक और एफएमएस दिल्ली के पूर्व छात्र के रूप में उनकी स्थिति है, जहां उन्होंने एमबीए और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। विज्ञापन और विपणन पर नौ पुस्तकों के उत्कृष्ट लेखक,डॉ. गोयल इस क्षेत्र में एक विचारशील नेता हैं। उनकी विशेषज्ञता नियमित रूप से बिजनेस स्टैंडर्ड, इकोनॉमिक टाइम्स ब्रांड इक्विटी, बिजनेस वर्ल्ड, एक्सचेंज 4 मीडिया, इंडियन एक्सप्रेस, फ्री प्रेस जर्नल, हिंदू बिजनेस लाइन और अन्य जैसे प्रतिष्ठित प्रकाशनों के लिए लिखे गए उनके कॉलम में प्रदर्शित की जाती है। एक शानदार करियर के साथ जिसमें डेंटसु इंक के संयुक्त उद्यम भागीदार के रूप में सेवा करना शामिल है।